NT>

Title: Need to provide adequate funds to State Government of Uttar Pradesh for construction of Pucca bridge at Pipraghat on Rapti river at Utrolla-Tulsipur highway in Balrampur Parliamentary Constituency.

श्री रिज़वान जहीर खां (बलरामपुर) : अध्यक्ष महोदय, सरकार का ध्यान मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उतरौला - तुलसीपुर मार्ग में राप्ती नदी पर बने एक अस्थायी पुल 'पिपरा घाट' की ओर दिलाना चाहता हूं। अस्थायी पुल होने के कारण इस क्षेत्र की जनता को मात्र १६ कि.मी.का रास्ता ५५ कि.मी.का लम्बा सफर तय करके काटना पड़ता है। यह पुल साल में लगभग ८ महीने बंद रहता है जिसके कारण यहां की लगभग १० लाख जनता को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और इस कारण यहां का मज़दूर व कर्मचारी वर्ग जोकि दैनिक यात्री होते हैं, बहुत अधिक प्रभावित होते हैं। दूसरे इस कच्चे व अस्थायी पुल के कारण यहां हरित क्रांति व विकास भी सम्भव नहीं है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि संसदीय क्षेत्र बलरामपुर में उतरौला-तुलसीपुर मार्ग पर राप्ती नदी पर बने इस अस्थायी 'पिपरा घाट पुल' को स्थायी एवं पक्का बनवाने का कष्ट करें ताकि मेरे क्षेत्र की लगभग १० लाख जनता प्रभावित होने से बच सके। इस क्षेत्र में हरित क्रांति आ सके और तेज़ी से विकास हो सके। इसके लिए राज्य सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध करायें।